RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 90 | FRIDAY DATE 24-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

बिजली फ्री में दे रही, जब तुम को सरकार।
फिर भी पूरी चाहिए, नखरे देखो यार।
नखरे देखो यार, सोच है कितनी घटिया।
काहे गिनते दांत, दान की जब है बछिया।
कह साहिल कविराय, तबीयत काहे मचली।
ले लो जितनी मिले, मुफ़्त में मिलती बिजली।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### ईंधन और उर्वरक आपूर्ति में विफल हो रही है सरकार : खरगे

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया है कि उनकी सरकार देश में ईंधन तथा उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल हो रही है और अपनी इन सब विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए उसने परिसीमन विधेयक लाने का नाटक किया। श्री खरगे ने गुरुवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि सरकार अपनी नाकामियों और कथित एपस्टीन फाइल से जुड़े आरोपों से ध्यान हटाने के लिए 'परिसीमन का नाटक' कर रही है, लेकिन देश इस मोदी सरकार के 'छलावे' को समझ चुका है। उन्होंने सरकार पर ईंधन और उर्वरक सुरक्षा सुनिश्चित करने में असफल रहने का आरोप लगाया।

### महिलाओं की सुरक्षा पर सरकार विफल, जातीय जनगणना से भाग रही भाजपाः अखिलेश यादव

**इटावा, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाएं और बेटियां सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार उनके स्वास्थ्य, शिक्षा व सम्मान की रक्षा में पूरी तरह नाकाम रही है। इटावा में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि महिलाओं को केवल आरक्षण ही नहीं, बल्कि ठोस संरक्षण की भी जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्हें 'नारी विरोधी' करार दिया और आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं के हितों के खिलाफ काम कर रही है तथा समाजवादी पार्टी के खिलाफ झूठा प्रचार कर रही है। जातीय जनगणना के मुद्दे पर सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी इसकी समर्थक है, लेकिन भाजपा इससे बच रही है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना होने से समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार और सम्मान मिल सकेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार भीम राव अम्बेडकर द्वारा संविधान में दिए गए आरक्षण के प्रावधानों को सही ढंग से लागू नहीं कर रही है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर अखिलेश यादव ने दावा किया कि भाजपा को ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ेगा और ममता बनर्जी एक बार फिर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगी।

## बंगाल में भाजपा सरकार बनाओ, हर घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर निकाल देंगे: अमित शाह

» **कोलकाता, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पुरसुराह में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, घुसपैठ और राजनीतिक माहौल को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए।

अमित शाह ने कहा कि आज बंगाल के हर कोने में टीएमसी के खिलाफ भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है। प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार से परेशान हो चुकी है और बदलाव चाहती है। तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ यह आक्रोश अब पूरे राज्य में फैल चुका है, जो आने वाले चुनाव में साफ दिखाई देगा।

अपने संबोधन में घुसपैठ के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठ एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यहां से घुसपैठियों को बाहर निकालना चाहिए, लेकिन जब एसआईआर के दौरान घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाते हैं, तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (दीदी) को इससे तकलीफ होती है। अमित शाह ने आगे कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो हर एक घुसपैठिए को चिन्हित कर बाहर निकालने का काम किया जाएगा। आप 5 तारीख को भाजपा सरकार बना दो।

## पश्चिम बंगाल में 89.93 और तमिलनाडु में 82.24 प्रतिशत मतदान, मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

पश्चिम बंगाल के पहले चरण और तमिलानुड में मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चुनाव आयोग ने शाम 5 बजे तक के अनुमानित वोटिंग ट्रेंड्स जारी किए। आंकड़ों के मुताबिक, तमिलनाडु में लगभग 82.24 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल के पहले चरण में यह आंकड़ा करीब 89.93 प्रतिशत रहा। चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक कुल मतदान लगभग 89.93 प्रतिशत दर्ज किया गया। जिलावार आंकड़ों के अनुसार अलीपुरद्वार में लगभग 88.74, बांकुड़ा में 89.91, बीरभूम में 91.55, कूचबिहार में 92.07, दक्षिण दिनाजपुर में 93.12, दार्जिलिंग में 86.49, जलपाईगुड़ी में 91.20, झारग्राम में 90.53, कलिम्पोंग में



81.98 और मालदा में 89.56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इसके अलावा, मुर्शिदाबाद में 91.36, पश्चिम बर्धमान में 86.89, पश्चिम मेदिनीपुर में 90.70, पूर्व मेदिनीपुर में 88.55, पुरुलिया में 87.35 और उत्तर दिनाजपुर में 89.74 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

# टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया : मोदी



» **कोलकाता, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

पश्चिम बंगाल में गुरुवार को एक ओर जहां पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान जारी है जबकि दूसरे चरण की 142 सीटों के लिए चुनाव प्रचार भी पूरी तेजी पर है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मथुरापुर में आयोजित 'विजय संकल्प रैली' में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीएमसी और उसके सहयोगी दलों का 'महिला विरोधी चेहरा' एक बार फिर सामने आ गया है। पीएम मोदी ने दावा किया कि 4 मई, टीएमसी के सिंडिकेट और महाजंगलराज की एक्सपायरी डेट है। 4 मई के बाद इस लूट का पूरा हिसाब होगा।

प्रधानमंत्री ने संसद का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव लेकर आई थी, लेकिन टीएमसी ने इसके खिलाफ वोटिंग की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले से बंगाल की महिलाओं का हक छीना गया।

रैली के दौरान प्रधानमंत्री ने गंगासागर पहुंचने पर खुद को सौभाग्यशाली बताते हुए मां गंगा को नमन किया। उन्होंने कहा कि काशी और गंगा का सेवक होने के नाते इस पवित्र भूमि पर आना उनके लिए सम्मान की बात है।

पीएम मोदी ने दावा किया कि बंगाल में परिवर्तन की आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में जिस तरह महिलाओं और युवाओं ने टीएमसी के खिलाफ मतदान किया है, वह पूरे देश ने देखा है। उन्होंने कहा, 'बंपर मतदान यह संकेत दे रहा है कि भय हार रहा है और भरोसे की जीत तय है। दस दिन बाद जब मतगणना होगी, तो हर तरफ कमल ही कमल खिला होगा।'

उन्होंने पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं से खास अपील करते हुए कहा कि यह सही समय है बंगाल की 'निर्मम सरकार' को उखाड़ फेंकने का।

### पीएम मोदी ने ममता सरकार पर साधा निशाना, बोले- झालमुड़ी मैंने खाई, 'झाल' टीएमसी को लगी

पश्चिम बंगाल में गुरुवार को एक ओर जहां पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान जारी है, वहीं दूसरे चरण की 142 सीटों के लिए चुनाव प्रचार भी पूरी तेजी पर है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृष्णानगर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर जमकर निशाना साधा। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा, 'झालमुड़ी मैंने खाई है लेकिन झाल (मिर्ची) टीएमसी को लगी है।' उन्होंने कहा कि 4 मई को बंगाल में भाजपा-एनडीए की जीत का जश्न मनाया जाएगा, मिठाई बांटी जाएगी और झालमुड़ी भी बांटी जाएगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान हो रहा है और तमिलनाडु में भी मतदान जारी है। उन्होंने सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि इस बार मतदान के नए रिकॉर्ड बनें और लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाए। उन्होंने दावा किया कि पिछले 50 वर्षों में यह पहला चुनाव है, जिसमें हिंसा सबसे कम हुई है। उन्होंने कहा कि पहले हर हफ्ते हिंसा की घटनाएं होती थीं और उन्हें आत्महत्या का नाम दे दिया जाता था।



## यूपी बोर्ड के रिजल्ट में लड़कियों का दबदबा, 10वीं में कशिश एवं अंशिका टॉपर, 12वीं में शिखा वर्मा ने मारी बाजी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

उत्तर प्रदेश बोर्ड से 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों को बड़ी राहत मिली। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी) ने गुरुवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित कर दिए। एक बार फिर बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) की परीक्षा में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, इंटरमीडिएट (कक्षा 12वीं) में सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है। बोर्ड परीक्षाएं प्रदेश के सभी 75 जिलों में स्थापित 8,033 केंद्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित की गई थीं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 4 अप्रैल तक कुल 254 केंद्रों पर कराया गया, जिसमें करीब 55,976 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई।

## विशेष टीम गठित कर हो जमीनी विवादों का निस्तारण : मुख्यमंत्री योगी

» **गोरखपुर, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन से जुड़े विवादों का निस्तारण विशेष टीम गठित करके किया जाए। जमीन का मालिकाना हक उसके वास्तविक स्वामी के पास ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि दबंगों ने कब्जा किया है तो जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ दोषियों को कानूनी सबक



सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

सीएम योगी गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जनता दर्शन में भूमि विवाद के मामलों में उन्होंने अफसरों से कहा कि विशेष टीम लगाकर ऐसे मामलों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए।

## टिहरी गढ़वाल में चंबा-कोटी रोड पर वाहन खाई में गिरा, 8 की मौत, 2 घायल



**टिहरी गढ़वाल, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। थाना चंबा क्षेत्र के अंतर्गत चंबा-कोटी कॉलोनी रोड पर नैल के पास एक यूटिलिटी पिकअप वाहन (मैक्स) अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। हादसा तब हुआ जब वाहन ऋषिकेश से घनसाली की ओर जा रहा था। सभी यात्री घनसाली क्षेत्र के चांजी, ठेला और चकरेडा गांव के निवासी थे।

# दिल्ली में एआई के दो उत्कृष्टता केंद्र खुलेंगे

## इनोवेशन-स्टार्टअप इकोसिस्टम को मिलेगा बढ़ावा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राजधानी में आईटी क्षेत्र को विस्तार देने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में अपने प्रयासों को लगातार तेज कर रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य रोजगार के नए अवसर पैदा करना और एआई और आईटी क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करना है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इंडिया एआई मिशन के तहत दो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का फैसला लिया है। ये केंद्र नवाचार और एंटरप्रेन्योरशि को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे।

इन केंद्रों के माध्यम से अगले चार वर्षों में लगभग 90-100 स्टार्टअप को सहयोग देने, 7000 से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग देने और 1000 से अधिक रोजगार के नए अवसर पैदा करने का लक्ष्य है। हर केंद्र को 20 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता से विकसित किया जा रहा है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दिल्ली सरकार और इंडस्ट्री/एकेडमिक पार्टनर्स के बीच 40:40:20 के योगदान मॉडल पर आधारित होगा। दिल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इनोवेशन और आर्थिक विकास के रूप में दिल्ली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में निवेश करके भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा रही है। ये एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस न केवल अत्याधुनिक रिसर्च और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देंगे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि टेक्नोलॉजी का लाभ सीधे हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में भी सार्थक रूप से मदद करें।

इस पहल को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है, जिसे नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, द्वारका सहित प्रमुख शैक्षणिक एवं औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से लागू किया जाएगा। एआई उत्कृष्टता केंद्रों को एक समग्र प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जाएगा, जो सरकार, शिक्षा जगत और उद्योग को मिलकर एआई आधारित नवाचार, अनुसंधान और एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम को आगे बढ़ाएंगे। यह पहल स्टार्टअप्स को उनके अपने विचारों को सफल व्यवसाय में बदलने में सहायता प्रदान करेगी। इन केंद्रों का एक प्रमुख उद्देश्य गवर्नेंस में एआई आधारित समाधानों को लागू करना है, जिससे सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। साथ ही राजधानी में डिजिटल गवर्नेंस को मजबूती मिलेगी। साथ ही यह पहल एआई और संबंधित तकनीकों में युवाओं के लिए प्रशिक्षण, कौशल विकास और प्रमाणन कार्यक्रमों के माध्यम से एक मजबूत और भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करेगा।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकदिवसीय सांकेतिक अनशन रखने के लिए प्रशासन से अनुमति देने की मांग

» **पानीपत, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**



सेक्टर - 12 , हुडा कालोनी , निवासी सुरेंद्र कुमार निरूला ने समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और मौलिक अधिकारों के संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संविधान रचियेता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के पास एक दिवसीय सांकेतिक अनशन रखने के लिए उपायुक्त पानीपत को पत्र देकर अनशन रखने की अनुमति देने की मांग की है।

सुरेंद्र कुमार निरूला ने पत्र में वर्णित किया है कि मैं एक सीनियर सिटीजन नागरिक हूं। मैं सतारूढ़ पार्टी में रहते हुए सतारूढ़ पार्टी के समूह के साथ मिलकर पार्टी व समाज की भलाई के लिए लगातार काम किया है।

अगर समय समय पर इन कुरितियों के विरुद्ध समाज को जागरूक करने के लिए आवाज न उठाए जाएं तो कुरितियां समाज को पंगु बना देती है। जिससे गरीबों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है। भ्रष्टाचार किसी न किसी रूप में चरम मोड़ पर है। लोगों को काम करवाने के लिए आर्थिक और मानसिक परेशानी उठानी पड़ती है। जिससे सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति भी प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जिला सचिवालय परिसर के पास संविधान रचियेता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने भ्रष्टाचार को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना अनशन रखने की अनुमति प्रदान की जाएं। ताकि आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया जा सके।



# दिल्ली क्राइम ब्रांच ने सुलझाया 40 साल पुराना कोल्ड मर्डर केस, आरोपी पति गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

दिल्ली की क्राइम ब्रांच ने करीब 40 साल पुराने एक कोल्ड मर्डर केस को सुलझा लिया है। आरोपी का नाम चंद्रशेखर प्रसाद बताया गया है, जो मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है। गिरफ्तारी के समय उसकी उम्र करीब 84 साल बताई जा रही है। यह मामला 1986 का है, जब पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में आरोपी ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। पति को पत्नी के चरित्र पर शक था, इसी शक के चलते उसने गुस्से में आकर ईंटों से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान घर में काम करने वाले घरेलू सहायक को भी हथियार के बल पर धमकाया गया था। वारदात के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ फरार हो गया। बाद में अदालत ने उसे 1987 में फरार घोषित कर दिया था। इसके बाद यह मामला लगभग चार दशकों तक अनसुलझा पड़ा रहा। इस दौरान पुलिस के सामने कई चुनौतियां आई, क्योंकि यह केस बहुत पुराना था। उस समय न तो मोबाइल फोन थे, न आधार जैसी पहचान प्रणाली और न ही डिजिटल रिकॉर्ड। कोई स्पष्ट फोटो या आधुनिक डेटा उपलब्ध नहीं था। ऐसे में आरोपी की पहचान और उसका पता लगाना बेहद मुश्किल काम था। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस केस को दोबारा खोला और धीरे-धीरे पुराने सुरागों को जोड़ना शुरू किया। जांच में पता चला कि आरोपी के बच्चे दिल्ली और बिहार में रहते हैं। इसी जानकारी के आधार पर कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबरों पर नजर रखी गई और उन्हें सर्विलांस पर रखा गया। इसके साथ ही टीम ने बिहार के नालंदा जिले में जाकर स्थानीय स्तर पर भी जांच की। वहां से यह जानकारी मिली कि आरोपी समय-समय पर धार्मिक या पारिवारिक अवसरों पर आता-जाता रहता है और अभी भी जीवित है।

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुंचा नवविवाहित जोड़ा शिमोना दिवाकर एवं मयंक अग्रवाल

### प्रेरणा वृद्धाश्रम में नवविवाहित दम्पति ने बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

» **अश्विनी वालिया**



**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** देश के विभिन्न राज्यों से घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय देने वाले प्रेरणा वृद्धाश्रम में वीरवार को अलग ही तरह का वातावरण देखने को मिला जब नव विवाहित दंपति शिमोना दिवाकर एवं मयंक अग्रवाल वृधाश्रम में पहुंचे। उन्होंने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से बड़ी आत्मीयता से आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि समाज में एक ओर जहां आज के युवा अपने माता-पिता को त्याग रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे युवा भी हैं जो अपना विवाहित जीवन आरंभ करने से पहले प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं। ऐसे समय में अनुमान लगाया जा सकता है कि वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की दिल की स्थिति कैसी होगी। प्रेरणा वृद्धाश्रम में इस युवा दंपति का प्रेरणा संस्था सदस्यों एवं बुजुर्गों ने पुष्प गुच्छ दे कर तथा अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि उन्हें इस बात की अत्यंत प्रसन्नता है कि आज भी हमारे समाज में कुछ ऐसे युवा हैं जो अपने बुजुर्गों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल रहे हैं और अपने संस्कार, संस्कृति और परंपराओं का पूरी निष्ठा से पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त यह नव विवाहित युवा जोड़ा जब वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद ले रहा था तो सभी की आंखें नम हो गई। बुजुर्गों ने कहा कि आज हमारी प्रसन्नता का कोई ठिकाना नहीं। क्योंकि हमारे जीवन में ऐसा भावनात्मक पल पहले कभी नहीं आया। जहां एक और हमारे स्वयं के बच्चों ने हमें ठुकरा दिया और घरों से निकाल दिया, वहीं इन बच्चों ने अपना विवाहित जीवन प्रारंभ करने से पहले हमारा आशीर्वाद लेकर अपना जीवन सार्थक कर लिया।

आधुनिकता की अंधी दौड़ में दिग्भ्रमित हो गए युवा वर्ग को इस युवा दंपति ने एक नई दिशा दिखाई है। इस दंपति के माता-पिता किरण गर्ग एवं नरेश गर्ग ने इन बच्चों को अपनी छाती से लगाकर आशीर्वाद देने के लिए सभी बुजुर्गों का धन्यवाद किया। आशा सिंगला ने कहा कि हमें इन बच्चों पर गर्व है, ये अवश्य ही हमारी संस्कृति के रक्षक ही नहीं पोशक भी बनेंगे और मै पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूँ कि रास्ता भटक चुके बहुत से युवा इनसे शिक्षा लेंगे।

# ग्रेटर नोएडा: तुगलपुर गांव में युवक-युवती की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**



ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुगलपुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को एक युवती का शव भी संदिग्ध अवस्था में मिला।

इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार, पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि तुगलपुर गांव में सुरेंद्र नागर के मकान में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही थाना नॉलेज पार्क पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि मकान की तीसरी मंजिल पर रहने वाले गुड्डू पासवान उर्फ गोलू (उम्र करीब 27 वर्ष), पुत्र बीरबल प्रसाद, निवासी महल मझरिया, आदर्श नगर, पिंडी, जिला देवरिया (उत्तर प्रदेश) ने अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को कमरे में मौजूद एक युवती, ज्योति (उम्र करीब 24 वर्ष), का शव भी जमीन पर पड़ा मिला।

प्रारंभिक जांच में युवती की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई प्रतीत हो रही है, जिससे मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। पुलिस ने तुरंत फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन और फोरेंसिक जांच कराई। मौके पर मृतक युवक के परिजन भी पहुंच गए थे, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा दोनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। थाना नॉलेज पार्क पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवती की मौत कैसे हुई और क्या यह आत्महत्या, हत्या या किसी अन्य कारण से जुड़ा मामला है। फिलहाल पुलिस सभी संभावित एंगल–आपसी संबंध, पारिवारिक विवाद, और अन्य परिस्थितियों–को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

# चेयरमैन प्रत्याशी रीमा सोनी ने भरा नामांकन

### जनता के सहयोग व आशीर्वाद से जीत की उम्मीद जताई : मल्लिका सोनी एवं महेन्द्र सोनी

» **हरियाणा, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**



10 मई को होने वाले नगरपालिका उकलाना के चेयरमैन पद के चुनाव में प्रत्याशी रीमा सोनी ने अपना नामांकन पत्र भरा। नगर पालिका उकलाना कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी कम उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) बरवाला अश्वीर नैन ने उनका नामांकन पत्र लिया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम नायब तहसीलदार रविन्द्र शर्मा,नगरपालिका सचिव संदीप शर्मा एवं सहायक सोहन कुमार,गौरव व अन्य सम्बंधित स्टाफ तथा एडवोकेट नरेश सोनी,जिला सूचना एवं लोक सम्पर्क अधिकारी रिटायर्ड सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ,मल्लिका सोनी,महेन्द्र सोनी,मंजू सोनी भी मौजूद रही । इससे पहले उकलाना में वार्ड नम्बर 1 स्थित छबली दास कालोनी से पुरानी अनाजमण्डी,श्री श्याम मंदिर,गोल मण्डी,लाला लाजपतराय चौंक पर महापुरूष को नमन करते हुए पूरे काफिले के साथ चेयरमैन प्रत्याशी रीमा सोनी नगरपालिका कार्यालय पहुंचीं। जगह-जगह उनका फूलमालाओं व पगडी.से सम्मान स्वरूप स्वागत व अभिनन्दन भी किया गया। वार्ड नम्बर एक में सरस्वती ज्वैलर्स के सामने कार्यालय का उदघाटन भी किया गया।

इस मौके पर समाज व उकलाना शहर के काफी लोग महिलाएं विद्यमान थी। चेयरमैन प्रत्याशी रीमा सोनी एवं स्वर्णकार संघ उकलाना के प्रधान महेन्द्र सोनी का कहना है कि जनता ने उन्हें मौका दिया तो वे उकलाना की तस्वीर बदल देंगें और कस्बे का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। उन्होंने साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखते हुए नशे व अन्य सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध जन जागरण अभियान चलाने का ऐतिहासिक संकल्प लिया ताकि विशेषकर युवा वर्ग को नशे जैसी बिमारी से छुटकारा मिले। सबका साथ सबका विकास के साथ उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपना एक-एक कीमती वोट व आशीर्वाद देकर अपनी बेटी व बहन रीमा सोनी को कामयाब बनायें।

उकलाना मण्डी एवं उकलाना गांव की हर व्यक्ति की प्रत्येक समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर समाज सेवी जोगेन्द्र भामा उर्फ बबलू व कृष्ण नहला,रोहताश सोनी खेदड़,सुनील कुमार,ममता सोनी,मंजू सोनी,रीतू नसीब,नन्दनी,शकुंतला चौहान, निहाली देवी, माया, तारावंती देवी,विरमा देवी,कमला देवी, पुष्पा देवी, बिमला देवी,पूर्व प्रधान ऋषिपाल सोनी, रिटायर्ड मैनेजर सतबीर सोनी, मंगतराम सोनी, पितरूमल,मोहनलाल, रमेश कुमार,अनिल, सज्जन, राधाकृष्ण सहदेव, बलबीर बौध, आजादसिंह, नीटू सोनी,वीरेन्द्र सोनी,कुलदीप सोनी, पंजाबसिंह, चरक, दलीपसिंह, रामफल सोनी व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# सर्वाइकल(गर्भाशय)कैंसर के विरुद्ध जिले में चलेगा युद्ध स्तर पर अभियान: डीसी

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 23 अप्रैल। गर्भाशय कैंसर के विरुद्ध जिला में युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जाएगा और सरकारी स्कूल के साथ-साथ प्राइवेट स्कूल के अध्यापक और अभिभावक को इसको लेकर जागरूक भी किया जाएगा। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर यह निर्देश दिए इससे पूर्व में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस टीकाकरण को लेकर राज्य स्तरीय बैठक भी ली। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब इसे 'एक बार का कार्यक्रम' नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बनाया जाए। जितनी जल्दी जानकारी, जांच और टीकाकरण लोगों तक पहुंचेगा, उतनी ही तेजी से गर्भाशय कैंसर के मामलों में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह कैंसर 'ूमनपैपीलोना वायरस(एचपीवी) से फैलता है। विगत 2022 की रिपोर्ट के



अनुसार गभार्शा कैंसर के 79 हजार नए केस प्राप्त हुए थे जिनमें 35 हजार मृत्यु हर साल हो रही हैं। इसको लेकर भारत सरकार की ओर से इस गर्भाशय कैंसर के विरुद्ध यह टीकाकरण अभियान चलाया गया है। इसकी शुरूआत विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि इसको लेकर ब्लॉक स्तर पर भी बैठक आयोजित की जाए और यह बैठकर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित करवाई जाए जिसमें सभी प्राइवेट स्कूलों के प्रतिनिधि भाग लें।

बैठक में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी कहा कि इस अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता भी अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएंगे और इसको लेकर जागरूकता भी की जाएगी।

डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला के सभी अभिभावकों, अध्यापकों और 14 से 15 साल की बच्चियों से अपील की कि वे इस गर्भाशय कैंसर के विरुद्ध चलाया जा रहे इस अभियान में अपनी संपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि इस टीकाकरण को लेकर शत प्रतिशत कवर किया जा सके। इस बैठक में सीएमओ डॉक्टर विजय मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा भी उपस्थित रहे।

# पानीपत के 21 गांव विधानसभा आरक्षण की जकड़न से मुक्ति की मांग को लेकर एकजुट: डॉ नवीन नैन भालसी

- आगामी लोकसभा / विधानसभा परिसीमन में इन गांवों की स्थिति की निष्पक्ष समीक्षा की जाए।

**देश आजाद, हरियाणा आजाद – अब हमारे गांवों को न्याय कब?: डॉ. नवीन नैन भालसी**

» पानीपत, यूटर्न/ 23 अप्रैल।



ज़िले के 21 गांवों में विधानसभा आरक्षण व्यवस्था को लेकर असंतोष और जनभावना खुलकर सामने आने लगी है। ग्रामीणों ने इसे 'अधूरी आजादी' बताते हुए आगामी परिसीमन में निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन की मांग उठाई है।

डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ और 1966 में हरियाणा अलग राज्य बना, लेकिन पानीपत के कई गांव आज भी बार-बार आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में शामिल होकर स्वयं को रिजर्वेशन की जकड़न में बंधा महसूस कर रहे हैं। पहले असन्ध (रिजर्व) और बाद में इसराना (रिजर्व) में शामिल किए जाने से इन गांवों में वर्षों से उपेक्षा और असमान प्रतिनिधित्व की भावना बनी हुई है।

डॉ नवीन नैन भालसी ने कहा कि यह राजनीति नहीं, बल्कि जनहित, सामाजिक न्याय और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का प्रश्न है। युवाओं में निराशा, मेहनतकश परिवारों में उपेक्षा और सामाजिक संतुलन पर असर अब जनचिंता का विषय बन चुका है।

भालसी, मडलौडा, वैसर, वैसरी, लोहारी, उंटला, बोहली, सिठाना, खण्डरा, बाल-जट्टान, शेरा, धर्मगढ़, रेर कलां, थिराना, जोशी, माजरा, कवि, नारा, आदियाना, आसन और थर्मल सहित 21 गांवों के लोग एकजुट होकर सरकार और चुनाव आयोग से मांग कर रहे हैं।

आगामी लोकसभा / विधानसभा परिसीमन में इन गांवों की स्थिति की निष्पक्ष समीक्षा की जाए।

ग्रामीणों ने मांग रखी कि इन गांवों को वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से बाहर रखने पर विचार किया जाए तथा जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति और जनभावना के आधार पर न्यायपूर्ण पुनर्मूल्यांकन किया जाए।

डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा–

'देश आजाद है, हरियाणा आजाद है.. अब इन गांवों को भी न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व की आजादी मिलनी चाहिए।'

डॉ नवीन नैन भालसी व उक्त सभी ग्राम वासियों ने सरकार से आग्रह किया कि 21 गांवों की इस पुरानी मांग को गंभीरता से सुनते हुए समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

# न्यायाधीश प्रियंका वर्मा ने बिना दहेज और दिखावे के प्रशांत संग लिए सात फेरे

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 23 अप्रैल। उत्तराखंड के प्रसिद्ध त्रियुगीनारायण मंदिर में संपन्न हुआ एक सादगीपूर्ण और दहेज मुक्त विवाह इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अनूठे आयोजन ने न केवल पारंपरिक मूल्यों को पुनर्जीवित किया, बल्कि समाज को एक सुदृढ़ और सकारात्मक संदेश भी दिया। हरियाणा न्यायिक सेवा, फरीदाबाद में कार्यरत न्यायाधीश प्रियंका वर्मा ने प्रशांत के साथ बिना दहेज और बिना किसी दिखावे के सात फेरे लेकर एक नया प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यद्यपि विवाह पूरी तरह से वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार, अत्यंत सादगी और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। सीमित संख्या में परिजनों और निकट सम्बन्धी लोगों की



उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। प्रियंका वर्मा के पिता (राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी) डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा पुलिस में उप-निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुषमा वर्मा विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कुरुक्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। यह परिवार लंबे समय से सादगीपूर्ण जीवनशैली और उच्च सामाजिक मूल्यों का पालन करता आ रहा है। डॉ. वर्मा वर्षों से दहेज प्रथा के कट्टर विरोधी रहे हैं। उनका मानना है कि दहेज जैसी कुरीतियां समाज की प्रगति में बाधक हैं। उन्होंने अपनी संतानों को हमेशा सादगी, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया है, विशेषकर बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। वे सदैव सामाजिक कुरीतियों का खंडन करते आ रहे हैं।

बेटियों को दहेज नहीं अपितु शिक्षा और संस्कार देने की विचारधारा लेकर वे वर्षों से कार्य कर रहे हैं। यह विवाह केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि दिखावे से अधिक महत्वपूर्ण सच्चे संस्कार और आपसी सम्मान हैं।

ह इस पहल ने यह सिद्ध कर दिया कि सरलता और सकारात्मक सोच से ही एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण संभव है। रात्रि विवाह, डीजे, आतिशबाजी और विवाह में अनावश्यक व्यय को लेकर भी डॉ. वर्मा सदा से जागरूकता अभियान चलाते हैं।

# ओ.एस.जी.यू में ज्यूडिशियरी की तैयारी के लिए विशेषज्ञ सत्र

## एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट दिल्ली के विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

» हरियाणा, यूटर्न/ 23 अप्रैल।



शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रतिमान गढ़ रहे ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (डरत्रह्र) के कानून विभाग में छात्रों के मार्गदर्शन के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। दिल्ली के प्रतिष्ठित 'एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट' के विशेषज्ञों ने विश्वविद्यालय के कैंपस पहुंचकर छात्रों को ज्यूडिशियरी परीक्षाओं की बारीकियों से रूबरू कराया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्रों से विद्यार्थियों को न्यायिक क्षेत्र में उच्च पदों तक पहुँचने का सही रास्ता मिलता है। इस अवसर पर एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट, दिल्ली के सीनियर प्रोफेसर सुश्री आरुषि चौधरी और श्री विजय कुमार ने विद्यार्थियों के लिए एक विशेष सत्र को संबोधित किया। उन्होंने हिंदू कानून और संवैधानिक कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर 'एक्सपर्ट लेक्चर' दिया। लेक्चर के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि कैसे अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ न्यायिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी की जा सकती है। संस्थान के ग्रुप सीओओ (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) डॉ. अजय पोद्दार व कुलपति डॉ एन पी कौशिक ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से सीधे रूबरू होने का यह मौका उनके करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी डायरेक्टर (ज्यूडिशियरी) नीरज तनेजा एवं ऐडवोकेट सचिन गोयल ने एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों का धन्यवाद किया।

# शिवली पुलिस की सक्रियता से फेल साइबर ठगों का इरादा, दो को वापस मिली धनराशि

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 23 अप्रैल। यहां देहात की थाना शिवली पुलिस साइबर अपराधियों के शिकार पीड़ित लोगों की हर संभव सहायता करने में भी अग्रणी चल रही है ,जिसके क्रम में थाने के साइबर हेल्प डेस्क द्वारा कार्यवाही करते हुए महिला समेत दो शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि 23,208/- वापस कराई गई। जिसे पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। जिसके लिए इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह और अतिरिक्त इंस्पेक्टर शैलेन्द्र यादव से पुलिस की कार्यवाही से मिली धन वापसी में सफलता का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए हर तरह के अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर



संभव सहायता में अग्रणी शिवली पुलिस के जनहित में महत्वपूर्ण इस कार्य की जमकर सराहना करते हुए आभार भी व्यक्त किया। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ नेतृत्व कुशलता के धनी इंस्पेक्टर अमरेन्द्र बहादुर सिंह के मुताबिक आवेदक मुनेश कुमार यादव पुत्र रामबाबू यादव निवासी ग्राम संग्रामपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को साइबर ठगो द्वारा एयरपोर्ट मे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने का झांसा देकर आवेदक से 23720/- रुपए ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी की गयी थी ,जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा साइबर हेल्प डेस्क शिवली पर शिकायत की गयी थी।

# लघु फिल्म प्रतियोगिता-2026 के लिए 30 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन : विश्राम कुमार मीणा

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 23 अप्रैल। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) भारत ने लघु फिल्म प्रतियोगिता-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सिनेमा के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 है। उन्होंने कहा कि फिल्में सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों पर आधारित होनी चाहिए। इनमें जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता, समानता, गरिमा, बाल श्रम, महिला अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और घरेलू हिंसा जैसे



मुद्दे शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लघु फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 10 मिनट होनी चाहिए। फिल्में अंग्रेजी या किसी भी भारतीय भाषा में हो सकती हैं, लेकिन उनमें अंग्रेजी उपशीर्षक होना अनिवार्य है। फिल्में वृत्तचित्र, वास्तविक घटनाओं पर आधारित या एनीमेशन सहित किसी भी तकनीकी प्रारूप में हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए 2 लाख, द्वितीय के लिए 1.50 लाख और तृतीय के लिए 1 लाख रुपए पुरस्कार राशि होगी। आयोग द्वारा तीन नकद पुरस्कारों के साथ प्रमाण पत्रों और ट्रॉफियों देकर सम्मानित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन में केवल एक ही फिल्म होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता के लिए भेजी जा रही फिल्में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं होनी चाहिए। आवेदकों को सरकारी प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया वैध पहचान प्रमाण भी संलग्न करना होगा, जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, या कोई अन्य सरकारी पहचान पत्र शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि आवेदन के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### शादी के लिए चाहिए सिलिंडर तो जनप्रतिनिधि का पत्र लेकर आएं

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** अब जिले में सिलिंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। शादी के सिलिंडर के लिए किसी भी तरह की कालाबाजारी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने इसके लिए सख्त कदम उठाते हुए आदेश पारित किया है कि अब शादी के लिए सिलिंडर का आवेदन करने वाले लोगों को उनके जनप्रतिनिधि के पत्र के बिना सिलिंडर नहीं दिया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ लोग गलत तरीके से शादी के लिए सिलिंडर का आवेदन करने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में अब बिना सांसद, विधायक, पार्षद, सभासद और ग्रामीण प्रधान के पत्र के किसी को भी सिलिंडर नहीं दिया जाएगा। इससे कालाबाजारी रोकने में मदद मिलेगी।

### कनावनी आग पीड़ितों परिवारों को दी गई राहत सामग्री

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** कनावनी गांव में आग से प्रभावित परिवारों के लिए बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस दौरान राहत सामग्री भी वितरित की। शिविर में पीड़ित परिवारों के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। जरूरतमंदों को रसोई के बर्तन और दैनिक उपयोग की सामग्री जैसे भगोना, तवा, कलछी, प्लेट, ग्लास, बाल्टी, मग, चाय की छलनी, साबुन, आटा, चावल और दूध आदि उपलब्ध कराए गए। जिला प्रशासन के सहयोग से 250 से अधिक प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाई गई।

# दिल्ली नगर निगम के महापौर पद के लिए प्रवेश वाही ने नामांकन दाखिल किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**



भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवेश वाही ने गुरुवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। उन्होंने सिविक सेंटर स्थित निगम सचिव कार्यालय में आगामी महापौर चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र जमा किया।

प्रवेश वाही वर्तमान में दिल्ली नगर निगम के नेता सदन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनके कार्यकाल में उन्होंने भाजपा नेतृत्व और पार्षदों के बीच एक मजबूत सेतु का काम किया। नामांकन दाखिल करने के मौके पर उनके साथ महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, नेता सदन एवं स्थायी समिति उम्मीदवार जय भगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, उप महापौर उम्मीदवार मोनिका पंत, और राजपाल राणा सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे।

भाजपा ने गुरुवार को ही महापौर पद के लिए प्रवेश वाही और उप महापौर पद के लिए मोनिका पंत के नामों की आधिकारिक घोषणा की थी। आम आदमी पार्टी (आप) इस बार महापौर चुनाव नहीं लड़ रही है, जिससे वाही की जीत लगभग तय मानी जा रही है। नामांकन के बाद प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली सरकार के साथ मिलकर सभी विकास योजनाओं को गति दी जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली प्रदेश भाजपा और सहयोगी पार्षदों का आभार व्यक्त किया।

# द्वारका मल्टी-स्पोर्ट्स एरिना को एनजीटी का झटका, डीम्ड पर्यावरण मंजूरी का दावा खारिज; की सख्त टिप्पणी

» **दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर-19बी में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मल्टी-स्पोर्ट्स एरिना परियोजना को लेकर बड़ा फैसला सुनाते हुए परियोजना प्रस्तावकों के डीम्ड एनवायरनमेंट क्लियरेंस यानी मानी गई पर्यावरणीय मंजूरी के दावे को खारिज कर दिया है। अधिकरण ने स्पष्ट कहा कि पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सकता और डीम्ड क्लियरेंस का सहारा लेकर पर्यावरण कानूनों से बचने की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही एनजीटी ने अवैध पेड़ कटाई, अनधिकृत निर्माण गतिविधियों और पर्यावरणीय उल्लंघनों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं।

यह परियोजना वर्ल्डस्ट्रीट स्पोर्ट्स सेंटर लि. और ओमेक्स लि. द्वारा विकसित की जा रही है। द्वारका स्पोर्ट्स एरिना प्रोजेक्ट, जिसे ओमेक्स स्टेट के नाम से भी जाना जाता है, सेक्टर -19बी में 50 एकड़ से अधिक भूमि पर प्रस्तावित है। इसे एक अत्याधुनिक फाइव-इन-वन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना में 30,000 दर्शकों की क्षमता वाला क्रिकेट और फुटबॉल स्टेडियम, रिटेल स्पेस, होटल और विभिन्न खेल सुविधाएं शामिल हैं। इनमें स्विमिंग और बैडमिंटन जैसी सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं। एनजीटी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि



परियोजना को अब तक केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। परिवेश पोर्टल पर उपलब्ध स्थिति के अनुसार परियोजना से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अभी लंबित हैं और अंतिम मंजूरी जारी नहीं की गई है।

अधिकरण ने कहा कि डिम्ड एनवायरनमेंट क्लियरेंस कोई अलग प्रकार की मंजूरी नहीं है, बल्कि यह एक सीमित कानूनी स्थिति है, जिसे केवल तभी स्वीकार किया जा सकता है जब पर्यावरणीय मंजूरी की सभी आवश्यक शर्तें पूरी तरह पूरी हो चुकी हों। परियोजना प्रस्तावकों ने पर्यावरणीय प्रभाव आकलन यानी ईआईए अधिसूचना 2006 के क्लॉज 8(८) के तहत डिम्ड ईसी का दावा किया था। एनजीटी ने इस दावे को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह प्रावधान तभी लागू होता है जब आवेदन पूरी तरह जमा किया गया हो, सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हों और विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति यानी ईएसी की स्पष्ट, बिना शर्त और अंतिम सिफारिश उपलब्ध हो। पीठ ने कहा कि इस मामले में ईएसी की सिफारिश शर्तों के साथ थी। इसमें लगभग 2000 पेड़ों की कटाई से पहले आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य बताया गया था। इसलिए इसे पूर्ण और बिना शर्त स्वीकृति नहीं माना जा सकता।

### अवैध पेड़ कटाई और निर्माण गतिविधियों पर सख्त टिप्पणी

एनजीटी ने अपने आदेश में कहा कि बिना अनुमति पेड़ों की कटाई के प्रमाण सामने आए हैं, जिनमें सैटेलाइट इमेजरी भी शामिल है। इसके अलावा परियोजना स्थल पर अनधिकृत निर्माण गतिविधियां भी पाई गई हैं। अधिकरण ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि डिम्ड क्लियरेंस का उपयोग पर्यावरणीय कानूनों को दरकिनार करने के लिए नहीं किया जा सकता। पीठ ने दोहराया कि किसी भी परियोजना में निर्माण कार्य शुरू करने से पहले पर्यावरणीय स्वीकृति अनिवार्य है। पीठ ने कहा, 2006 की ईआईए अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परियोजनाएं और गतिविधियां तभी निर्माण कार्य प्रारंभ करें जब परियोजना प्रस्तावक ने पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त कर ली हो।



### फ्लैट में चलाया जा रहा था देह व्यापार, महिला समेत दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** टीलामोड़ के तुलसी निकेतन स्थित फ्लैट में संचालित हो रहे देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। देह व्यापार संचालिका मध्य प्रदेश के भिंड मुरैना स्थित बहरौली निवासी गीता को गिरफ्तार किया है। उसके साथी दिल्ली के शाहदरा निवासी राजन को भी पकड़ा है। पुलिस ने फ्लैट से दो युवतियों को रेस्क्यू कर बयान कराने के बाद घर भेज दिया है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों ने अनैतिक गतिविधियां होने की सूचना दी थी। पुलिस ने शिकायत की पड़ताल करके 21 अप्रैल की रात छापा मारा। फ्लैट में गीता और राजन मिले। दोनों ने पूछताछ में देह व्यापार संचालित करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने जब फ्लैट की तलाशी ली तो वहां से दो युवतियां भी मिलीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गीता ने रुपयों का लालच देकर उन्हें देह व्यापार में धकेला था। तलाशी के दौरान काफी मात्रा में आपत्तिजनक सामान, मोबाइल फोन और 2400 रुपये बरामद हुए। एसीपी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### 12वीं मंजिल से गिरकर वृद्ध की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** क्रॉसिंग रिपब्लिक की ऑर्किड टॉवर पैरामाउंट सिंफनी सोसायटी की 12वीं मंजिल से गिरकर 82 वर्षीय परिमल कुमार घोष की मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने से इन्कार कर दिया है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि एक युवक ने फोन कॉल कर बुजुर्ग के छत से नीचे गिरने की सूचना दी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे वह फ्लैट की ग्रिल के नजदीक खड़े थे। इसी दौरान असंतुलित होकर नीचे गिर गए। वह सोसायटी में परिवार के साथ रहते थे।



### एसी खराब होने से एमएमजी अस्पताल की एक्सरे सेवा बाधित

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** जिला एमएमजी अस्पताल में एक्स-रे सेवा एसी खराब होने के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हो गई है। अस्पताल में रोजाना लगभग 200 से 250 एक्सरे किए जाते हैं, लेकिन सोमवार से मशीन के अधिक गर्म होने के चलते बार-बार शटडाउन करना पड़ रहा है। इससे मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है और इलाज में देरी हो रही है। एक्स-रे रूम के बाहर मरीजों की लंबी कतार लग रही है। कई मरीजों को अपने नंबर के लिए एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। मशीन के बार-बार बंद होने के कारण जांच की प्रक्रिया धीमी हो गई है। स्थिति ऐसी बन गई है कि कुछ मरीज बिना एक्सरे कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार एक्सरे रूम में लगा एसी खराब हो गया है। इससे मशीन का तापमान बढ़ जाता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि तकनीशियन को बुला लिया गया है और जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

# आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या सट्टा और कर्ज में डूबे राहुल की दरिंदगी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत, कर्ज और अपमान की टीस ने राहुल मीणा को बर्बरता की इस हद तक पहुंचा दिया। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में आईआरएस की बेटी की हत्या के पीछे यही बातें सामने आ रहीं। आरोपी राहुल पर जिस परिवार का कभी भरोसा था, उसे तोड़ते हुए आरोपी ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। अब हिरासत में उससे पूछताछ जारी है।

जांच में सामने आया कि आरोपी राहुल लंबे समय से ऑनलाइन सट्टेबाजी खेलता था। इस लत के कारण वह कर्ज में डूब गया था। हालात ये हो गए कि उसने न सिर्फ आईआरएस अधिकारी के पड़ोसियों से, बल्कि आसपास के दुकानदारों से भी उनके नाम पर उधार लेना शुरू कर दिया था।

एक पड़ोसी से उसने करीब डेढ़ लाख रुपये का कर्ज ले लिया था। जब पैसे लौटाने का दबाव बढ़ा तो विवाद होने लगा। पड़ोसियों ने इसकी शिकायत अधिकारी से भी की थी। आर्थिक तंगी के साथ आरोपी का व्यवहार भी बदलने लगा था।

वह दुकानदारों से बहस करता, भुगतान टालता और लगातार दबाव में रहता था। आखिरकार करीब डेढ़ माह पहले उसे नौकरी से हटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, इसी के बाद से वह अंदर ही अंदर रंजिश पाल रहा था और बदला लेने की सोचने लगा था।



**दिनचर्या और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी का उठाया फायदा**

आरोपी को घर की दिनचर्या और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी थी।

वह जानता था कि दंपती रोज सुबह करीब छह बजे जिम के लिए निकलते हैं और घरेलू सहायकों के लिए घर की चाबी मुख्य दरवाजे के लेटर बॉक्स में रखी जाती है। इसी जानकारी का फायदा उठाते हुए वह बुधवार सुबह घर में दाखिल हुआ।

### आईआरएस अधिकारी की बेटी से दुष्कर्म के बाद मोबाइल चार्जर के केबल से गला घोंटकर हत्या

दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके कैलाश हिल में दिल दहला देने वाली वारदात हुई। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की बेटी (22) की उनके पूर्व नौकर ने दुष्कर्म के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र निवासी राहुल मीणा (19) को डेढ़ महीने पहले रुपयों में हेराफेरी करने पर काम से हटाया गया था। पुलिस ने उसे द्वारका में होटल से गिरफ्तार कर लिया। युवती ने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की थी। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। पुलिस के अनुसार, युवती माता-पिता के साथ अमर कॉलोनी के कैलाश हिल स्थित बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर रहती थी। बुधवार सुबह 6 बजे उसके माता-पिता जिम गए थे और घरेलू सहायक के लिए चाबी घर के बाहर रख गए थे। युवती घर पर अकेली थी। माता पिता जब लौटे, तो उन्होंने बेटी को फर्श पर अचेत पाया।

### 41 मिनट तक घर के भीतर रहा

पुलिस के अनुसार वारदात से पहले आरोपी पास के आस्था कुंज पार्क में कुछ समय तक रुका रहा और जैसे ही घर के सदस्य बाहर निकले, वह अंदर पहुंच गया। वह करीब 41 मिनट तक घर के भीतर रहा। वारदात के बाद जब वह बाहर निकला तो इलाके में कार साफ करने वाले एक शख्स ने उसे पहचान लिया और बातचीत भी की। आरोपी ने सामान्य ढंग से जवाब दिया और वहां से निकल गया।

# हॉर्मुज स्ट्रेट के खुलने पर अनिश्चितता से कच्चे तेल में तेजी जारी, ब्रेंट क्रूड 103 डॉलर प्रति बैरल के पार

» **मुंबई, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

हॉर्मुज स्ट्रेट के खुलने पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल में तेजी जारी है और गुरुवार को कीमतें फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई है। इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंज पर ब्रेंट का जून फ्यूचर्स का कॉन्ट्रैक्ट सुबह के कारोबार में 103.35 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से लगभग 4 प्रतिशत अधिक था। वहीं, न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का जून फ्यूचर्स का कॉन्ट्रैक्ट 1.62 प्रतिशत बढ़कर



94.47 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी की वजह हॉर्मुज स्ट्रेट के खुलने पर अनिश्चितता को माना जा रहा है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरानी नेताओं द्वारा 'यूनिफाइड प्रस्ताव' दिए जाने तक युद्धविराम को बढ़ा दिया, लेकिन उन्होंने ईरान पर लगी नौसैनिक नाकाबंदी नहीं हटाई।

अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर कहा, 'ईरान के खिलाफ अमेरिकी नाकाबंदी के तहत अमेरिकी सेना ने 31 जहाजों को वापस मुड़ने या बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया है।' वहीं, ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा नहीं खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को ब्लॉक कर दिया गया है। यह सीजफायर का उल्लंघन है। इससे ईरानी बंदरगाहों को निशाना बनाया जा रहा है। आगे कहा कि पूर्ण सीजफायर तभी संभव है, जब अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट के ब्लॉक को समाप्त कर देता है। विश्लेषकों का कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट 50 दिनों से अधिक समय से बंद है, जिससे वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा बाधित हो गया है। कीमतों में लगातार वृद्धि से भारत के आयात बिल पर असर पड़ सकता है और इसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव आ सकता है। सरकार का कहना है कि देश भर में खुदरा ईंधन आउटलेट सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर के पार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** ईरान और अमेरिका के बीच सीजफायर के बावजूद स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने दो टैंकरों को अपने कब्जे में ले लिया, जिससे वैश्विक तेल बाजार में हड़कंप मच गया और ब्रेंट क्रूड की कीमतें 102 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गईं। इस रणनीतिक मार्ग के लगभग बंद होने से फारस की खाड़ी के प्रमुख उत्पादकों के निर्यात में भारी गिरावट आई है, जिससे वैश्विक आपूर्ति का डर बढ़ गया है। अमेरिकी नाकेबंदी को ईरान ने सीजफायर का उल्लंघन बताया है। ईरान के विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया है कि जब तक यह उल्लंघन जारी रहेगा, बातचीत संभव नहीं है। इससे सीजफायर टूटने और युद्ध के दोबारा छिड़ने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि शांति वार्ता की संभावना क्षीण है। एलएसईजी डेटा के अनुसार, पहले के 100 से अधिक जहाजों के मुकाबले अब केवल 8 जहाज ही यहां से गुजर रहे हैं, जो व्यापारिक ठहराव दर्शाता है। पूर्व में वैश्विक कच्चे तेल की लगभग 20 फीसदी आपूर्ति हॉर्मुज से होती थी।

### चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल में 28 रुपए तक उछाल संभव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिसका असर अब भारतीय उपभोक्ताओं पर पड़ेगा एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिफाइनरियां मासिक 27,000 करोड़ रुपए का नुकसान झेल रही हैं। यह भारी घाटा संकेत देता है कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 25 से 28 रुपये प्रति लीटर तक की बड़ी वृद्धि संभव है। वर्तमान में ईंधन की कीमतें चुनावी सीजन के कारण स्थिर हैं, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक लागत और खुदरा मूल्य के बीच का अंतर असहनीय हो गया है।



## मारुति सुजुकी इंडिया का प्रोडक्शन वित्त वर्ष 26 में ऑल-टाइम हाई पर रहा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में उसने 23.4 लाख यूनिट्स का उत्पादन किया है, जो कि अब तक का सबसे अधिक वार्षिक उत्पादन है। देश में वार्षिक आधार पर 23 लाख से अधिक यूनिट्स का उत्पादन करने वाली मारुति सुजुकी एकमात्र कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। कंपनी ने बयान में कहा कि वैश्विक स्तर पर सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की सभी कंपनियों में मारुति सुजुकी इंडिया एक मात्र कंपनी है, जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। कंपनी का उद्देश्य उत्पादन को बढ़ाकर 40 लाख यूनिट्स प्रति वर्ष तक करना है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, हिसाशी ताकेउची ने कहा, 'यह हमारे लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि विश्व भर में बहुत कम कंपनियां एक ही देश में इतनी बड़ी मात्रा में उत्पादन करने में सक्षम हैं। मारुति सुजुकी में, हम हमेशा से ऐसे उत्पाद और तकनीकें पेश करने में विश्वास रखते आए हैं जो हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करती हैं, जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी उनका विश्वास अर्जित होता रहा है।'

# नैसकॉम ने श्रीकांत वेलमकन्नी को चेयरपर्सन नियुक्त किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

आईटी इंडस्ट्री के शीर्ष निकायों में से एक नैसकॉम ने गुरुवार को श्रीकांत वेलमकन्नी को अपना चेयरपर्सन नियुक्त किया। वे एसएपी लैब्स इंडिया के एमडी सिंधु गंगाधरन की जगह लेंगे, जिनका चेयरमैन के रूप में कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त हो रहा है।

नैसकॉम के प्रेसिडेंट राजेश नाम्बियार और कार्यकारी परिषद के साथ मिलकर काम करते हुए, वेलामाकन्नी परस्पर जुड़ी प्राथमिकताओं के एक समूह के माध्यम से इंडस्ट्री के एजेंडे का नेतृत्व करेंगे, जो ग्लोबल टेक्नोलॉजी लैंडस्केप की दिशा को दर्शाते हैं।

नाम्बियार ने एक बयान में कहा, 'वेलामकन्नी इस भूमिका में उद्यमशीलता की भावना और एआई की गहरी समझ का एक दुर्लभ संयोजन लेकर आए हैं। उनके नेतृत्व में हम टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री को विश्व के सबसे भरोसेमंद एआई-आधारित परिवर्तन भागीदार के रूप में स्थापित करना जारी रखेंगे।'

वेलमाकन्नी ने नैसकॉम के वाइस चेयरमैन और कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में छह वर्षों से अधिक समय तक सेवा



देने के बाद यह पदभार ग्रहण किया है।

भारत के सबसे शुरूआती और प्रमुख एआई-केंद्रित उद्यमों में से एक के सह-संस्थापक के रूप में, वे उद्योग के लिए एक निर्णायक मोड़ पर उद्यम एआई, विश्लेषण, जिम्मेदार प्रौद्योगिकी और वैश्विक गो-टू-मार्केट में अपनी गहरी विशेषज्ञता लेकर आए हैं। उनका ध्यान एआई के साथ सेवाओं के परिवर्तन को गति देने पर होगा, साथ ही उत्पाद नवाचार और एजेंटिक एआई को बढ़ावा देकर भारत को वैश्विक बाजारों के लिए स्वायत्त, मल्टीएजेंट सिस्टम और वर्टिकल एआई उत्पादों के अग्रणी स्रोत के रूप में स्थापित करना होगा।

वेलामकन्नी ने कहा, 'एआई की प्रगति से छोटे-बड़े सभी उद्यमों के लिए अपने कारोबार को नए सिरे से परिभाषित करने के अभूतपूर्व अवसर खुल रहे हैं। इस एआई-आधारित परिवर्तन में भारत की अहम भूमिका होगी। आने वाले वर्ष में, हमारा ध्यान सेवाओं और उत्पादों में एआई-संचालित विकास के अगले चक्र को गति देने और अपने कर्मचारियों को एआई के साथ नेतृत्व करने के लिए तैयार करने पर होगा।'

गंगाधरन ने कहा, 'असाधारण महत्वाकांक्षा, गति और गहरी जिम्मेदारी की भावना के साथ एआई के इस युग में कदम रखते हुए, मुझे विश्वास है कि श्रीकांत इस एजेंडा को इसके प्रभाव के अगले चरण तक ले जाएंगे, और मैं इस यात्रा में उनकी सफलता की कामना करता हूं।'

आधिकारिक बयान के अनुसार, नैसकॉम कार्यकारी परिषद ने केपीआईटी के सह-संस्थापक, सीईओ और प्रबंध निदेशक किशोर पाटिल को नया वाइस प्रेसिडेंट भी चुना है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही रुकी, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** ईरान द्वारा दो जहाजों को जब्त करने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही ठप्प हो गई है, जिनमें एक गुजरात के कांडला बंदरगाह जा रहा था। इससे तेल और गैस की सप्लाई को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है, क्योंकि दुनिया के करीब 20 प्रतिशत ऊर्जा निर्यात इसी रास्ते से गुजरते हैं। इसका असर गुरुवार को तेल की कीमतों पर दिखा, जहां ब्रेंट क्रूड 103 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। भारत अपनी एलपीजी का बड़ा हिस्सा और करीब 50 प्रतिशत कच्चा तेल फारस की खाड़ी से आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से इस पर असर पड़ा है। हालांकि, सरकार आयात के स्रोतों में विविधता ला रही है और एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ा रही है। कुछ उपभोक्ता अब प्राकृतिक गैस, कोयला और इलेक्ट्रिक कुकटॉप जैसे विकल्पों की ओर भी बढ़ रहे हैं। अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना 'संभव नहीं' है। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर कहा कि इन उल्लंघनों में ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी और इजरायल की आक्रामक गतिविधियां शामिल हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन समझौतों का उल्लंघन, नाकेबंदी और धमकियां असली बातचीत में बाधा हैं। इस बीच, भारतीय झंडे वाला तेल टैंकर 'देश गरिमा' बुधवार को सुरक्षित रूप से मुंबई पहुंच गया। यह जहाज 97,000 मीट्रिक टन से अधिक कच्चा तेल और 31 भारतीय क्रू मेंबर के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य पार करके आया, जिसे भारतीय नौसेना ने सुरक्षा दी।

## भारत के प्राइवेट सेक्टर में गतिविधियां अप्रैल में बढ़ीं, रोजगार सृजन 10 महीनों के उच्च स्तर पर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

भारत के प्राइवेट सेक्टर में अप्रैल में गतिविधियों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसकी वजह क्षमता में विस्तार, बेहतर मांग, नए ऑर्डर्स और टेक्नोलॉजी निवेश में बढ़ोतरी होना है। यह जानकारी एचएसबीसी 'फ्लैश इंडिया पीएमआई कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स' में गुरुवार को दी गई।



यह इंडेक्स मासिक आधार पर भारत के सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की गतिविधियों को दिखाता है। अप्रैल में यह 58.3 पर रहा है, मार्च में यह 57.0 पर था।

एचएसबीसी की ओर से बताया गया कि अप्रैल में नए ऑर्डर मार्च की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़े हैं। सर्वेक्षण में बताया गया कि भारत में निजी क्षेत्र में रोजगार में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अप्रैल में रोजगार सृजन में वृद्धि 10 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'मध्य पूर्व संघर्ष से जुड़ी बाधाओं के कारण मार्च में आई सुस्ती के बाद निजी क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी आई है। उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के साथ विनिर्माण क्षेत्र ने इस सुधार का नेतृत्व किया।'

सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि कंपनियां आपूर्ति पक्ष के झटके की अवधि को लेकर अनिश्चितताओं से निपटने के लिए बफर स्टॉक बना रही हैं। भंडारी ने कहा, 'खरीद की मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ तैयार माल और इनपुट इन्वेंट्री में भी वृद्धि हुई है। इनपुट लागत का दबाव उच्च बना हुआ है और कंपनियों ने बढ़ी हुई बिक्री कीमतों के माध्यम से इस वृद्धि का कुछ हिस्सा ग्राहकों से वसूला।' मुद्रास्फीति दरें ऐतिहासिक रूप से उच्च बनी रहीं, लेकिन सेवा क्षेत्र में मंदी के कारण पिछले महीने की तुलना में इनमें कुछ कमी आई।

## टेस्ला का भारत में बिक्री से पहले बुनियादी ढांचा मजबूत करने पर जोर

फास्ट चार्जिंग, घरेलू समाधान और बेहतर सेवा पर प्राथमिकता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

टेस्ला भारत में अपनी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री बढ़ाने से पहले एक मजबूत और व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसमें फास्ट-चार्जिंग नेटवर्क, घरेलू चार्जिंग समाधान और बेहतर सेवा क्षमताएं शामिल हैं, ताकि देश में ईवी अपनाने की राह में आने वाली ढांचागत बाधाओं को दूर किया जा सके। कंपनी का मानना है कि भारतीय बाजार अभी इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के शुरुआती चरण में है, जहां उपभोक्ताओं में रेंज एंजाइटी (बैटरी खत्म होने की चिंता) और सर्विस सपोर्ट एक बड़ी चुनौती है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 में भारत के यात्री वाहन बाजार में ईवी की हिस्सेदारी मात्र 4.2 फीसदी रही, जो इस सेगमेंट के शुरुआती दौर में होने का संकेत है।

इसी अवधि में टेस्ला ने केवल 342 यूनिट्स बेचीं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कंपनी का जोर तत्काल बिक्री बढ़ाने पर नहीं है। फिलहाल, टाटा मोटर्स (78,000 से



अधिक यूनिट्स) जैसे पारंपरिक निर्माता इलेक्ट्रिक यात्री वाहन खंड में हावी हैं, जो किफायती ईवी की मजबूत मांग को दर्शाता है। हालांकि टेस्ला का मानना है कि भारत में ईवी को व्यापक रूप से अपनाने के लिए स्वामित्व अनुभव को बेहतर बनाना सबसे अहम है।

इसी रणनीति के तहत कंपनी ने 61,99,000 रुपये की कीमत पर टेस्ला मॉडल वाई को लॉन्च किया है, जिसका लक्ष्य देश में तेजी से बढ़ते प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करना है। कंपनी का ध्यान एक ऐसा सशक्त अनुभव बनाने पर है जो बैटरी खत्म होने की चिंता को कम करे और ग्राहकों को पूरी सुविधा प्रदान कर सके।

# NIA खुलासा : यासीन ने पाक समर्थन से अलगाववाद को बढ़ाया




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली हाईकोर्ट में बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी का दावा है कि कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति सहित शीर्ष नेतृत्व से संपर्क बनाए रखा और इन संपर्कों का इस्तेमाल भारत से कश्मीर के अलगाव को बढ़ावा देने के लिए किया।

एनआईए ने अपने हलफनामे में कहा कि आरोपी यासीन मलिक पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व, जिसमें प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, पाकिस्तानी सीनेट के सीनेटर और सभी प्रांतों के मुख्यमंत्री शामिल हैं, के संपर्क में था। वह इन संपर्कों का उपयोग भारत के खिलाफ कहानियों को फैलाने और जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा था।

जांच एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि मलिक के इस दावे का, कि कई भारतीय प्रधानमंत्रियों ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए उनसे बातचीत की, आतंक मामले में कोई असर नहीं पड़ता है और यह उन्हें उनके अपराधों से मुक्त नहीं करता है। एनआईए के अनुसार, मलिक द्वारा वरिष्ठ भारतीय राजनेताओं, नौकरशाहों, मीडिया कर्मियों और विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के करीब होने के दावे केवल लोकप्रियता हासिल करने और जनता की सहानुभूति जुटाने के लिए हैं।

## मलिक का दावा छह भारतीय प्रधानमंत्रियों ने की थी बात

इससे पहले मलिक ने उच्च न्यायालय में दावा किया था कि 1990 में उसकी गिरफ्तारी के बाद वीपी सिंह से लेकर मनमोहन सिंह तक की लगातार छह सरकारों ने उनसे कश्मीर मुद्दे पर बातचीत की थी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा की पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

## आतंकियों से भी थे मलिक के संबंध

मलिक ने खुद स्वीकार किया है कि वह जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के कमांडर-इन-चीफ थे। एनआईए ने अदालत में दलील दी, सिर्फ वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों के नाम लेने से इस तथ्य से इनकार नहीं होता कि मलिक के लश्कर-ए-तैयबा के हाफिज सईद और हिजबुल मुजाहिदीन के सैयद सलाहुद्दीन जैसे आतंकियों से संबंध थे। यह हलफनामा एनआईए द्वारा आतंक फंडिंग के मामले में मलिक को मौत की सजा दिए जाने की मांग वाली याचिका के जवाब में दायर किया गया था। ट्रायल कोर्ट ने मलिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### पिता और बहन के मोबाइल सीडीआर से मिल सकता है सुराग

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 अप्रैल। अहिंसाखंड स्थित सोसायटी की 16वीं मंजिल से गिरने के बाद युवती की मौत के मामले में पुलिस जल्द खुलासा कर सकती है। पुलिस ने युवती के माता-पिता और बहन के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई है। वहीं, युवती के मोबाइल फोन न होने की बात भी संशय पैदा कर रही है। युवती के पिता ने सात अप्रैल को हुए हादसे में बेटी से दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि युवती स्नातक की पढ़ाई कर रही थी और सरकारी परीक्षा की तैयारी भी। ऐसी स्थिति में उसके पास मोबाइल फोन का न होने की बात संशय पैदा कर रही है। परिजनों ने उसके पास मोबाइल न होने की बात पूछताछ में कही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से निजी कंपनी कर्मी की मौत

कौशांबी, यूटर्न/ 23 अप्रैल। दिल्ली के गाजीपुर निवासी निजी कंपनी कर्मचारी अनिल कुमार को यूपी गेट पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस ने एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी मौत हो गई। हादसा 18 अप्रैल की सुबह हुआ। पुलिस ने उनके भाई संजय शर्मा की तहरीर पर 21 अप्रैल की रात प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित भाई संजय शर्मा ने बताया कि वह मूलतः बुलंदशहर के शिकारपुर स्थित भनौटा गांव के रहने वाले हैं। उनके भाई अनिल कुमार गाजीपुर में रहकर नोएडा की आईटी कंपनी में नौकरी करते थे। 18 अप्रैल की सुबह वह घर से कार्यालय के लिए बाइक से निकले थे। यूपी गेट के पास तेज रफ्तार वाहन ने भाई की बाइक में टक्कर मार दी।

# एनसीआर में हीट वेव का कहर जारी, येलो अलर्ट जारी- दो दिन बाद मौसम में बदलाव के आसार

» नोएडा, यूटर्न/ 23 अप्रैल।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक बना रहेगा, जिससे लोगों को तेज गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा। विभाग ने स्थिति को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को दोपहर के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 23 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि 24 और 25 अप्रैल को तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। इन दोनों दिनों में दोपहर और शाम के समय हीट वेव का प्रभाव सबसे ज्यादा रहेगा। इसके बाद 26 अप्रैल से मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है, जहां आंशिक बादल छाने की संभावना है और तापमान 42/26 डिग्री के आसपास रह सकता है।



# 29वीं मंजिल से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 अप्रैल। अहिंसाखंड स्थित ट्राइन टावर सोसायटी में बुधवार तड़के एक बुजुर्ग महिला की 29वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। मृतका की पहचान फूलवती (65) के रूप में हुई। वह नीचे खड़ी एक कार पर गिरीं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में वृद्धा के मानसिक तनाव में होने की बात सामने आई है। घटना कैसे हुई, पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि फूलवती अपने बेटे के साथ वसुंधरा सेक्टर-15 में रहती थीं। उनकी बेटी भावना ट्राइन टावर सोसायटी में पति के साथ रहती हैं। फूलवती 19 अप्रैल को बेटी की शादी की सालगिरह मनाने के लिए आई थीं और तब से यहीं ठहरी हुई थीं। पुलिस के अनुसार, हादसा तड़के करीब तीन बजे हुआ। घटना के समय हुई तेज आवाज सुनकर सोसायटी के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर संपर्क करके पुलिस को बुलाया। शुरूआत में महिला की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के कहने पर सुरक्षा गार्ड ने 29वीं मंजिल के सभी फ्लैटों में जाकर पूछताछ की। इस दौरान एक फ्लैट से फूलवती के लापता होने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन नीचे पहुंचे और शव की पहचान फूलवती के रूप में की। एसीपी के अनुसार, परिजनों ने पुलिस को बताया कि फूलवती के पति की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। तब से वह मानसिक तनाव में थीं। एसीपी ने बताया कि शुरूआत में परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया, लेकिन समझाने के बाद वे मान गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## डिलीवरी बॉय ने सहकर्मियों पर लगाया पिटाई व धमकाने का आरोप

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 अप्रैल। ई-कॉमर्स कंपनी के डिलीवरी बॉय साहिबाबाद के मोहन नगर स्थित अर्थला निवासी रवि कुमार से उन्हीं के सहकर्मियों ने मारपीट कर दी। साथ जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामला 18 अप्रैल की रात का है जब रवि कंपनी के गोदाम पर डिलीवरी ऑर्डर लेने गए थे। डिलीवरी बॉय के भाई विकास कुमार की तहरीर पर पुलिस ने कंपनी कर्मचारी रोहित और सुशील समेत अन्य के खिलाफ 21 अप्रैल की रात प्राथमिकी दर्ज की है। विकास कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वसुंधरा सेक्टर-पांच में कंपनी के गोदाम है। ऑनलाइन ऑर्डर भेजने का काम उसका छोटा भाई रवि करता है। रवि 18 अप्रैल की रात गोदाम पर ऑर्डर लेने पहुंचा तो वहां पर सहकर्मी रोहित और सुशील ने आर्डर को लेकर विवाद कर दिया। दोनों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गोदाम पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

## बर्फ की सिल्लियों से लदी पिकअप से टकराई कार, चालक घायल

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 अप्रैल। प्रगढ़ी चौकी क्षेत्र स्थित साहिबाबाद मंडी रेड लाइट के बाद बीच सड़क पर खड़े पिकअप से कार भिड़ गई। हादसे में कार चालक वसुंधरा सेक्टर तीन निवासी प्रिंस मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा 18 अप्रैल को हुआ। पुलिस ने उनके भाई पारस मिश्रा की तहरीर पर 21 अप्रैल की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पारस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल को उनका छोटा भाई प्रिंस अपनी कार से वसुंधरा लिंकरोड थानाक्षेत्र स्थित बृज विहार जा रहा था। जब वह साहिबाबाद मंडी रेड लाइट से कुछ ही दूरी पर पहुंचा तो बीच सड़क पर बर्फ की सिल्लियों से लदे पिकअप से टकरा गया। हादसे में प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया और कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया कि उनके भाई का आईसीयू में इलाज चल रहा है।

# हरियाणवी अभिनेत्री दिव्यांका की हार्ट अटैक से मौत



» गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 अप्रैल।

राजनगर एक्सटेंशन की चार्म्स कैसल सोसायटी में रहने वाली हरियाणवी अभिनेत्री दिव्यांका सिरोही का मंगलवार को सिहानी गांव में निधन हो गया। परिवार के लोगों ने बताया कि उनकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। अभिनेत्री के निधन के बाद फैंस में शोक की लहर है। दिव्यांका मूल रूप से बुलंदशहर के खानपुर ब्लॉक स्थित भमरौली की निवासी हैं।

चार्म्स कैसल सोसायटी के टॉवर बी स्थित 702 मकान में दिव्यांका सिरोही अपने भाई हिमांशु के साथ रहती थीं। पड़ोसी हेमंत ने बताया कि दोनों भाई-बहन ने एक कुत्ता भी पाला था। जबकि उनका अन्य परिवार मोरटा स्थित संचार रेजीडेंसी में रहता है। भमरौली गांव निवासी गजेंद्र सिंह 32 बीघा जमीन के मालिक थे। करीब 18 वर्ष पूर्व वह मेरठ रोड स्थित सिहानी में रहने लगे। जहां गजेंद्र सिंह और उनका बेटा दीपांशु ट्रांसपोर्टर को काम करते हैं। तीन बहनों मोनिका और आरती से दिव्यांका सबसे छोटी थीं। उनकी बहन आरती ने बताया कि उनका सबसे छोटा भाई दीपांशु है। मंगलवार को हार्ट अटैक के दौरान दिव्यांका सिहानी अपने परिवार के साथ थीं। उन्हें एक अस्पताल में ले गए, जहां से गुरुग्राम रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हिंडन मोक्षधाम पर दिव्यांका सिरोही का अंतिम संस्कार किया गया। दिव्यांका अभिनय और विज्ञापन के लिए अधिकांश हरियाणा में ही रहती थीं। उन्होंने गायक मासूम शर्मा के साथ कई गानों में काम किया है।

## दिल्ली के शकरपुर में सड़क हादसा : एक की मौत, तीन घायल, आरोपी चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल। दिल्ली के पूर्वी जिले के शकरपुर थाना क्षेत्र में विकास मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा बुधवार-गुरुवार मध्यरात्रि करीब 1:30 बजे गीता कॉलोनी कट विकास मार्ग पर हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात 1:50 बजे पीसीआर कॉल के जरिए हादसे की सूचना मिली थी। बताया गया कि सभी घायलों को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया है और आरोपी चालक को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शिकायतकर्ता अनिल कुमार के मुताबिक, मारुति सेलेरियो कार ने पैशन मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी। बाइक पर एक ही परिवार के चार लोग सवार थे।

# ग्रेटर नोएडा में दो दिवसीय रोजगार मेला सफल, 363 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 23 अप्रैल।



गौतम बुद्ध नगर में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेला सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। जिला सेवायोजन कार्यालय, गौतमबुद्धनगर और हरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में 21 और 22 अप्रैल 2026 को यह रोजगार मेला इंस्टीट्यूट परिसर में आयोजित किया गया था। इस रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना था। मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कुल 63 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले के लिए लगभग 2200 अभ्यर्थियों ने 'रोजगार संगम' पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया था। इनमें से 363 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया, जो इस आयोजन की सफलता को दर्शाता है। मेले में स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार पाने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने अलग-अलग कंपनियों के सामने इंटरव्यू देकर अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया: अर्चना पूरन सिंह

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह ने बताया कि उन्हें इन दिनों फिल्मों के ऑफर मिलना लगभग बंद हो गए हैं। इस वजह से वह काफी निराश हैं। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि जब 'द कपिल शर्मा शो' टीवी पर आता था, तब वे हर साल लगभग 100 एपिसोड शूट करते थे, जिसकी वजह से उनका शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए अर्चना ने बताया, मेरे पास एक फिल्म का कॉल आया था। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में होगी और 25 दिन चलेगी। मेरे लिए कपिल के शो की शूटिंग छोड़कर इतने लंबे समय के लिए कहीं जाना मुमकिन नहीं था, इसलिए मुझे उस ऑफर को मना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि ऐसे करते-करते मैंने कई फिल्मों के ऑफर ठुकरा दिए। बार-बार मना करने के कारण लोगों ने मुझे एक्टिंग के काम के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया। यह उनके लिए एक कलाकार के रूप में बेहद निराशाजनक अनुभव रहा है। हालांकि, अब जब शो नेटफ्लिक्स पर आता है और वे सीजन वाइज शूटिंग करते हैं, तो उनके पास पहले की तुलना में अधिक समय होता है।



## मेरे लिए दोस्त ही सबसे बड़ी ताकत और खुशी है: मनीषा कोइराला

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला आज भी भारतीय सिनेमा और अन्य मंचों पर सक्रिय हैं। दिल से, मन और गुप्त जैसी कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री को हाल ही में संजय लीला भंसाली की भव्य पीरियड ड्रामा हीरामंडी: द डायमंड बाजार में देखा गया। मनीषा कोइराला अक्सर कला और संस्कृति से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करती रही हैं। हाल ही में उन्होंने नेपाल के एक प्रतिष्ठित म्यूजियम का दौरा किया, जहां उन्होंने अपने देश नेपाल की समृद्ध संस्कृति और अद्भुत कला से रूबरू होने का अवसर पाया। मनीषा कोइराला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें वह अपने दोस्तों के साथ खुशी के पल बिताती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि उनके लिए उनके दोस्त ही सबसे बड़ी ताकत और खुशी की कुंजी हैं। इस व्यक्तिगत पोस्ट के अलावा, अभिनेत्री ने नेपाल म्यूजियम की कुछ अद्भुत तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें बौद्ध और हिंदू धर्म की कलात्मक झलक एक साथ देखने को मिल रही है।

## परवीन बॉबी से रेखा तक को देखा

# कृतिका कामरा ने बताए 'मटका किंग' में गुलरुख के खास लुक के राज

भारतीय ओटीटी और फिल्मों की दुनिया में जब भी किसी पुराने दौर को पर्दे पर दोबारा दिखाया जाता है, तो उसके पीछे गहरी रिसर्च होती है। ऐसी ही एक कोशिश हाल ही में वेब सीरीज 'मटका किंग' में देखने को मिली, जहां अभिनेत्री कृतिका कामरा ने अपने किरदार गुलरुख के जरिए 1960 और 1970 के दशक के मुंबई का फैशन और माहौल फिर से जीवंत कर दिया। इस किरदार की तैयारी में उन्होंने न सिर्फ उस समय की मशहूर फिल्मों और सितारों को देखा, बल्कि उस दौर की असली जिंदगी, स्टाइल और सामाजिक माहौल को भी करीब से समझने की कोशिश की। कृतिका कामरा ने बताया कि उनके किरदार का लुक बनाने की शुरूआत एक खास तस्वीर से हुई थी, जो निर्देशक नागराज सर ने उन्हें दिखाई थी। यह तस्वीर परवीन बॉबी की थी। उन्होंने कहा, ''इसके बाद टीम ने जीनत अमान, शर्मिला टैगोर और रेखा जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों के स्टाइल और पर्सनैलिटी को भी देखा। कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रियंका दुबे ने मेरे साथ कई बार ट्रायल किए, ताकि हर आउटफिट, हर ड्रेस और हर लुक उस समय की असलियत को सही तरह से दिखा सके।'' कृतिका ने कहा, ''टीम ने उस दौर की असली तस्वीरों और दस्तावेजों को भी खंगाला। इसमें जैज क्लब, रेसिंग इवेंट्स और पारसी इवेंट्स के कार्यक्रमों की तस्वीरें शामिल थीं। इन सब चीजों ने मिलकर यह समझने में मदद की कि उस समय लोग कैसे रहते थे, कैसे कपड़े पहनते थे और उनका पूरा माहौल कैसा हुआ करता था। यही वजह है कि गुलरुख का किरदार सिर्फ एक फैशनेबल लुक नहीं बल्कि एक जीवंत समय का एहसास देता है।'' कृतिका कामरा ने कहा, ''मेरे किरदार को गढ़ने में सिर्फ कपड़े या मेकअप ही नहीं, बल्कि हर छोटी चीज का ध्यान रखा गया था। हेयरस्टाइल से लेकर जूते और एक्सेसरीज तक सब कुछ बहुत सोच-समझकर चुना गया। इन्हीं बारीकियों की वजह से मुझे अपने किरदार में ढलने और गुलरुख के आत्मविश्वास को समझने में मदद मिली। जब तक किरदार का पूरा लुक सही नहीं होता, तब तक उसकी असली भावना को पर्दे पर लाना मुश्किल होता है।''

कृतिका कामरा ने बताया कि उनके किरदार का लुक बनाने की शुरूआत एक खास तस्वीर से हुई थी, जो निर्देशक नागराज सर ने उन्हें दिखाई थी। यह तस्वीर परवीन बॉबी की थी। उन्होंने कहा, ''इसके बाद टीम ने जीनत अमान, शर्मिला टैगोर और रेखा जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों के स्टाइल और पर्सनैलिटी को भी देखा।





# सीनियर टीम से विश्वकप खेलना है वैभव का सपना

**मुम्बई, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स की ओर से शानदार प्रदर्शन कर रहे 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का लक्ष्य सीनियर टीम से विश्कप खेलना है। वैभव ने पिछले माह अपना 15वां जन्मदिन मनाया और इसी के साथ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए योग्य हो गए हैं। उन्हें आईपीएल के बाद जून में आयरलैंड के खिलाफ आईपीएल के बाद खेली जाने वाली सीरीज में चयनकर्ता अवसर दे सकते हैं। वैभव का कहना है कि उन्हें आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी पसंद है। उनका कहना है कि वह हावी होकर खेलना चाहते हैं जिससे कि जब तक वो मैदान पर रहें विरोधी टीम पर दबाव बना रहे। उनका लक्ष्य प्रभावशाली प्रदर्शन कर मैच जीतना है। इसलिए जब तक वह क्रीज पर रहेंगे, तब तक वह दबदबा बनाए रखेंगे और उन्हें भरोसा है कि इस प्रकार से मैच विपक्षी टीम से छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी मुझे सीनियर टीम से विश्वप कप खेलना है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह सीनियरों के लिए खेले और देश के जीत दिलाए। मेरा भी यही लक्ष्य है।' अब तक वैभव ने आईपीएल 2026 में छह पारियों में 246 रन बनाए हैं। जिसमें दो अर्धशतक और 78 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। उनका औसत 41 है और स्ट्राइक रेट 236.54 है। कुल मिलाकर आईपीएल में उन्होंने 13 मैचों में 498 रन बनाए हैं, औसत 38.30 और स्ट्राइक रेट 220.35 है। इसमें एक शतक और तीन अर्धशतक के साथ 101 रन की व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ पारी भी शामिल है।



# आर्चर रॉयल्य की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

» **लखनऊ, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज बन गये हैं। आर्चर ने इसी के साथ ही युजवेंद्र चहल को पीछे छोड़ा। चहल अभी तक रॉयल्स के सबसे अधिक 66 विकेट लिए थे पर अब ऑचर के नाम 68 विकेट हो गये हैं। आर्चर ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ यहां के इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दूसरा विकेट विकेट लेते ही ये उपलब्धि अपने नाम की है। आईपीएल में कुल मिलाकर आर्चर के नाम 70 विकेट हैं। उन्होंने कुछ मैच मुंबई इंडियंस के लिए भी खेले हैं। इससे पहले उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए मैच खेले थे। रॉयल्स के लिए तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाद सिद्धार्थ त्रिवेदी काफी कम चर्चित हैं। साल 2008 से साल 2013 के बीच उन्होंने खेला था। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने राजस्थान रॉयल्स के लिए 61 विकेट निकाले हैं। वे इस टीम के लिए सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं। वहीं दिवंगत शेन वार्न ने रॉयल्स की ओर से 57 विकेट लिए हैं और वह पांचवे नंबर पर हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### अमेरिकी नौसेना प्रमुख ने त्यागपत्र दिया: युद्ध विभाग

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन फेलन ने त्यागपत्र दे दिया है। इसकी जानकारी अमेरिका के युद्ध विभाग ने दी। विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'नौसेना प्रमुख जॉन सी. फेलन तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं।' बयान में कहा गया है कि उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे। एक्सियोस समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, श्री फेलन की विदाई कई लोगों के लिये आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ 'ठीक नहीं' थे, लेकिन कथित तौर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे। समाचार पोर्टल ने एक सूत्र के हवाले से कहा, ' श्री फेलन यह नहीं समझ पाये कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिये गये आदेशों का पालन करना है, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिये जाने चाहिये।

### रूस-अमेरिका संबंध सबसे निचले स्तर पर-पैनकिन

**संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर पैनकिन ने कहा कि उनके देश और अमेरिका के बीच संबंध इस समय अपने सबसे निचले स्तर पर हैं। श्री पैनकिन ने संयुक्त राष्ट्र में पत्रकारों द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंधों के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'ये (संबंध) सबसे निचले स्तर पर हैं। यह मैं नहीं कह रहा, बल्कि हमारे अधिकारी ऐसा मानते हैं... और यह स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि एंकरेज में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच हुई सीधी बातचीत काफी सार्थक रही। श्री पैनकिन ने कहा, 'हमारे राष्ट्रपतियों के बीच हुई सीधी बातचीत काफी सार्थक रही। लेकिन एंकरेज में शायद सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वहां कोई निश्चितता नहीं है। आप सुबह कुछ और सुनते हैं, शाम को ठीक उसके विपरीत कुछ और, या फिर अगले दिन कोई ऐसा कदम उठाया जाता है जो उन दोनों बातों के बिल्कुल उलट होता है।

### नई सरकार बनते ही लामिछाने और बालेन शाह में हो गई थी खटपट शुरू

**काठमांडू, यूटर्न/ 23 अप्रैल।** नेपाल में बालेन सरकार बने एक महीने भी नहीं हुए हैं। लेकिन, महीने भर के अंदर ही दो-दो मंत्रियों का इस्तीफा हो गया और वो भी भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद जैसे आरोपों के चलते। नेपाल की जनता ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को बहुत बड़ा जनादेश देकर सत्ता में बिठाया है। ऐसे में जेन-जी आंदोलन के बाद बनी सरकार के अस्तित्व पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेन शाह ने 27 मार्च, 2026 को देश की कमान संभाली है। पहले 13वें दिन में श्रम मंत्री दीपक कुमार शाह को पत्नी को एक पद दिलाने के आरोपों में अपना पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। फिर 26वें दिन में गृहमंत्री सूडान गुरुंग भ्रष्टाचार के आरोपों में इस्तीफा देने को मजबूर हो गए। नेपाल के शीर्ष राजनीतिक सूत्र ने बालेन शाह की सरकार में इतनी जल्दी उथल-पुथल मचने के पीछे की पूरी बात साझा की है। सूत्र ने फोन पर बताया है कि सरकार बनने के साथ ही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख रबी लामिछाने और प्रधानमंत्री बालेन शाह के बीच खटपट शुरू हो चुकी है।

## अमेरिकी विदेश विभाग ने एयरस्पेस फिर से खुलने के बाद अमेरिकियों को ईरान छोड़ने की दी सलाह



» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों से देश छोड़ने की अपील की है, क्योंकि मध्य पूर्वी देश ने आंशिक रूप से अपना हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) फिर से खोल दिया है। सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में, विदेश विभाग के कांसुलर मामलों के ब्यूरो ने अमेरिकियों से कहा कि वे स्थानीय मीडिया पर नजर रखें और देश से बाहर जाने वाली उड़ानों की जानकारी के लिए वाणिज्यिक एयरलाइंस से संपर्क करें। इस सलाह में कहा गया है कि अमेरिकी नागरिक आर्मेनिया, अजरबैजान, तुर्किये और तुर्कमेनिस्तान के रास्ते भूमि मार्ग से भी ईरान छोड़ सकते हैं। हालांकि इसमें अफगानिस्तान, इराक या पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्र की यात्रा से बचने की चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी को शुरू हुए संयुक्त अमेरिका-इजरायल हमलों के बाद ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था।

देश ने शनिवार को अपने पूर्वी हवाई क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए फिर से खोल दिया, जिससे हवाई अड्डों के आंशिक संचालन की शुरूआत हुई। रविवार को ईरान के इस्लामिक रिपब्लिक ब्रॉडकास्टिंग ने नागरिक उड्डयन संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि देश का हवाई क्षेत्र चार चरणों में फिर से खोला जाएगा।

इस बीच, बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान के साथ युद्धविराम को आगे बढ़ा दिया, जबकि व्यापक नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी गई है। व्हाइट हाउस ने कहा कि बातचीत के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है और तेहरान पर आर्थिक दबाव जारी रहेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लीविट ने कहा कि अमेरिका दोहरी रणनीति अपना रहा है। सैन्य हमलों को रोकते हुए वित्तीय और समुद्री प्रतिबंधों को और कड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्धविराम के विस्तार की घोषणा की हैः और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के कारण पूरी तरह बदनाम हो चुके एक शासन को कुछ लचीलापन भी दिया है।'

उन्होंने स्पष्ट किया कि सैन्य कार्रवाई रोकने का मतलब दबाव कम करना नहीं है। उन्होंने कहा, 'सैन्य और प्रत्यक्ष हमलों पर युद्धविराम है, लेकिन 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' जारी है और प्रभावी नौसैनिक नाकेबंदी भी जारी है।' व्हाइट हाउस के अनुसार, इस नाकेबंदी से ईरान को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। लीविट ने कहा, 'हम इस नाकेबंदी के जरिए उनकी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह जकड़ रहे हैंः उन्हें रोज 500 मिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है,' और जोड़ा कि ईरान तेल निर्यात और भुगतान बनाए रखने में असमर्थ है।

## कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका के बीच अमेरिका ने रूसी तेल पर छूट का बचाव किया

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**



अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने रूस के तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों में दी गई अस्थायी छूट का बचाव किया। उन्होंने कहा कि इस फैसले से दुनिया भर में तेल की कीमतों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी होने से रोका जा सका। हालांकि, डेमोक्रेट नेताओं ने चेतावनी दी कि इससे रूस को युद्ध के लिए पैसा मिल सकता है और ईंधन महंगा बना रह सकता है। सीनेट की एक समिति के सामने बोलते हुए बेसेंट ने कहा कि यह कदम उस समय उठाया गया जब बाजार में काफी अनिश्चितता थी, ताकि तेल की सप्लाई स्थिर रखी जा सके। उन्होंने बताया, 'हम 25 करोड़ बैरल से ज्यादा तेल बाजार में बनाए रखने में सफल रहे।' बेसेंट ने कहा कि अगर यह छूट नहीं दी जाती, तो कीमतें और ज्यादा बढ़ सकती थीं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, 'आज तेल की कीमत करीब 100 डॉलर है। अगर हमने यह राहत नहीं दी होती, तो यह 150 डॉलर तक जा सकती थी।' उन्होंने कहा कि यह नीति आम लोगों को राहत देने के लिए बनाई गई है। कम कीमत लोगों के लिए बेहतर है। वहीं, डेमोक्रेट नेताओं ने इस फैसले का विरोध किया। क्रिस कून्स ने कहा कि इस छूट से रूस को अरबों डॉलर मिल सकते हैं और इससे उस पर दबाव कम हो जाएगा.

# रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों व राजनाथ सिंह की मुलाकात

## टेक्नोलॉजी के सह-विकास और सह-उत्पादन पर हुई बात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी और भारत के रक्षा उद्योग से जुड़े प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की है। यह मुलाकात जर्मनी की राजधानी बर्लिन में हुई और इस दौरान रक्षा क्षेत्र में मौजूद व्यापक संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

दोनों देशों के उद्योग जगत के साथ विस्तृत यह विचार-विमर्श गुरुवार को हुआ। यहां बर्लिन में आयोजित एक बैठक में रक्षा उत्पादन, टेक्नोलॉजी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच साझेदारी को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण सामने आया। रक्षा मंत्री नेबताया कि जर्मन उद्योग जगत ने भारत में रक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की सराहना की है।





उन्होंने भारत की बदलती रक्षा औद्योगिक नीति और निवेश के अनुकूल माहौल को सराहनीय बताया। राजनाथ सिंह ने जर्मन कंपनियों से आग्रह किया कि वे भारत के साथ मिलकर उन्नत और विशेष तकनीकों के क्षेत्र में सह-विकास और सह-उत्पादन की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि इस तरह का सहयोग न केवल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा।

यहां इस बात पर भी जोर दिया गया कि भारत विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बैठक भारत-जर्मनी रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। दरअसल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा पर हैं।

यहां वह जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस से भी एक बेहद महत्वपूर्ण मुलाकात कर चुके हैं। जर्मन रक्षामंत्री के साथ उनकी यह बैठक तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा का अहम हिस्सा थी। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करना है। जर्मनी के रक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' पर हस्ताक्षर किए गए।

## फोटो स्टोरी





**फिलीपींस में ड्रग वार के दौरान मारे गये लोगों के परिजन बैनर लेकर पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो डूटरडी का विरोध करते हुए। इनके बैनरों पर डूटरडी को कड़ी सजा मिलने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही गयी है।**

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए 'साहसी बने रहें : मैकी सैल

» **संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 23 अप्रैल।**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की दिशा में 'हमें साहसी बने रहना होगा', यह बात संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के उम्मीदवार मैकी सैल ने कही। संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के उम्मीदवार मैकी सैल ने बुधवार को यहां एक उम्मीदवार फोरम में कहा, सुरक्षा परिषद में सुधार पर चल रही बहस 30 वर्षों से अधिक समय से जारी है लेकिन 'जिस बात पर हम सभी सहमत हो सकते हैं, वह यह है कि आज सुरक्षा परिषद मौजूदा दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती।'

उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार के कई अलग-अलग प्रस्ताव हैं, और कुछ का यह भी मानना है कि 'यह अभी तनाव के समय में नहीं हो सकता, इसके लिए और समय की आवश्यकता है।' उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'मैं जो कर सकता हूं वह है इस एजेंडे को आगे बढ़ाना,' यह जवाब उन्होंने भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील (जी 4) के प्रतिनिधि के रूप में



दिया, जो संयुक्त रूप से सुधार की वकालत करते हैं।

उन्होंने कहा, 'हमें समावेश सुनिश्चित करना होगा, साथ ही परिषद की विश्वसनीयता और सबसे महत्वपूर्ण उसकी प्रभावशीलता को बनाए रखने की आवश्यकता को भी ध्यान में रखना होगा क्योंकि पांच वीटो शक्तियों के साथ यह पहले से ही एक कठिन काम है।' उन्होंने कहा, 'सभी विकल्प खुले हैं, और मैं जितना संभव हो सके उतना प्रयास करूंगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *